हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 मेगा हेल्थ कैंप में उमड़ी मरीजों-दिव्यागों ...



12 4 करोड़ पौधारोपण करने के लक्ष्य को जन...





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## एमवी राव बने जिला मिशन समन्वयक

**जगदलपुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर विजेन्द्र राठौर के पद से त्यागपत्र दिये जाने पश्चात एम. व्ही. राव सहायक को जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक स्तर नियुक्त किया है। आगामी आदेश तक जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा बीजापुर के पद पर पदस्थ रहेंगे। विजेन्द्र राठौर को उनके मूल पदस्थ संस्था शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर के लिए भारमुक्त किया गया। रिक्त सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक स्तर के पद पर विजय कुमार झाड़े व्याख्याता एलबी शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पामगल विकासखंड भोपालपटनम को आगामी आदेश तक इस पद पर पदस्थ किया गया है।

## एनएच का सुकमा डिवीजन कोंडागांव स्थानांतरित

**जगदलपुर।** लोकनिर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के मुख्य अभियंता ने एनएच के सुकमा डिवीजन को कोंडागांव स्थानांतरित किया। इस पर एनएच रायपुर के अधीक्षण अभियंता एसएस मांझी ने बताया कि कोंडागांव से नारायणपुर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी चौड़ीकरण, नारायणपुर-आकाबेड़ा का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए एनएच के सुकमा डिवीजन को कोंडागांव डिवीजन बना दिया।

### 6 माह में 123 ने किया समर्पण, 273 माओवादियों हुए गिरफ्तार

# गंगालूर व नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय 12 नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया कमेटी व नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय 12 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 5 लाख का ईनामी पीपीसीएम व 1 लाख कि ईनामी सीएनएम अध्यक्ष दंपति शामिल है।

आईजी सुंदरराज पी व डीआईजी कमलोचन कश्यप के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान व डीआरजी, बस्तर फाईटर, कोबरा 202, सीआरपीएफ 222 एवं 85 वीं बटालियन के सयुंक्त प्रयास छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ, गंगालूर एरिया कमेटी व नेशनल पार्क एरिया कमेटी में सक्रिय 12 नक्सलियों ने डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी, एसपी बीजापुर जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222 विनोद मोहरिल, कमांडेंट 85 वीं वाहिनी व्ही तुसिंग, कमांडेंट कोबरा 202 अमित कुमार, एएसपी वैभव बैंकर, डीएसपी सुदीप सरकार व विनित साहू के समक्ष समर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रूपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

■ 5 लाख के पीपीसीएम व 1-1 लाख के ईनामी नक्सली मुख्यधारा में शामिल

### समर्पित नक्सलियों में ये शामिल

बीजापुर में जिन दर्जनभर नक्सलियों ने समर्पण किया, इनमें 5 लाख का ईनामी नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत प्लाटून नम्बर 2



पीपीसीएम के अलावा एक लाख की ईनामी नेशनल पार्क एरिया कमेटी सीएनएम अध्यक्ष जननी मोड़ियम 23 वर्ष, 1 लाख का ईनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष राजू पूनेम ऊर्फ अनिल, नन्दु माड़वी नेशनल पार्क एरिया कमेटी सदस्य, कैलाश कारम 22 वर्ष एड़समेटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर, जोगी मुचाकी ऊर्फ जोगी माड़वी नेशनल पार्क एरिया कमेटी सीएनएम सदस्या, मंगू ऊर्फ गोडील हेमला गदामली आरपीसी मिलिशिया कमांडर, चैतु पूनेम ऊर्फ आयतु पुसनार भूमकाल मिलिशिया कमांडर, रामलू पूनेम पुसनार न्याय शाखा सदस्य, फागू पूनेम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन सदस्य, सुखलाल पूनेम ऊर्फ सुखराम ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया पलाटून सी सेक्शन कमांडर व बुधराम पूनेम ऊर्फ बाबू पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य शामिल है।

### इन घटनाओं में थे शामिल

वर्षों से नक्सल संगठन में शामिल समर्पित नक्सली कई संगीन घटनाओं में शामिल थे। इनमें 2018 में करेंमरका से कचलारम रोड निर्माण कार्य में लगी जेसीबी, ट्रेक्टर में आगजनी, वर्ष 2021 में मारवाड़ा के जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़, वर्ष 2021 में ग्राम तालमेण्ड्री में पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़, वर्ष 2022 में अम्बेली से गटटापल्ली रोड में आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस पार्टी पर हमला जिसमें एक जवान शहीद। वर्ष 2006 में बैलाडीला एनएमडीसी खदान में हमला जिसमें सीआईएसएफ के सात जवान शहीद हुए थे वहीं हमले के बाद हथियार एवं जिलेटिल लूट लिए गये थे। इसके अलावा वर्ष 2022 में पुसनार से हिरोली जाने वाली सड़क पर गड्ढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने, वर्ष 2023 मं ग्राम मेटापाल एरार्पारा निवासी मंगली पूनेम एवं उसकी बेटी का हाथ पैर में रस्सी बांध कर पुसनार बड़ा नदी में फेंकने की घटना जिसमें दोनों की मौत हो गई थी शामिल थे।

# किराना दुकानों व पिकअप वाहन से कई बोरा राशन का चावल बरामद, दो दुकानों को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गरीबों के लिए वितरित होने वाला शासकीय पीडीएस का चावल पिछले कुछ दिनों से किराना दुकानों से बरामद किया जा रहा है। खाद्य विभाग की महिला ऑफिसर दिव्या रानी ने यह कार्रवाई की। सहायक खाद्य नियंत्रक के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई करते कुम्हारपारा और गीदम रोड स्थित दो किराना दुकान और एक पिकअप वाहन से सरकारी चावल बरामद किया गया। कार्रवाई में अम्बेडकर वार्ड में पिकअप वाहन ओडी 07 पी 6980 से 17 बोरा चावल बरामद कर जब्त किया गया। पिछले माह 11 मई को कुम्हारपारा में रमन किराना स्टोर्स से 27 बोरा और गीदम रोड पर पिकअप वाहन सीजी 17 एच 3087 से 60 बोरा राशन चावल जब्त की गई थी। बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में कुछ राइस मिलरों की ⏭ शेष पेज 11 पर

■ मोटा से पतला चावल बनाने के खेल की आशंका



### खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 3 अप्रैल को पीडीएस चावल कालाबाजारी की सूचना मिलने पर भंगाराम चौक स्थित असफाक नगानी के किराना दुकान में दबिश देकर 21 बोरा चावल जब्त किया गया। अम्बेडकर वार्ड में पिकअप वाहन समेत 17 बोरा चावल और 11 मई को कुम्हारपारा में 27 बोरा और गीदम रोड़ पर वाहन समेत 60 बोरा राशन चावल जब्त की गई है।

# बारिश की झड़ी से शहर में जनजीवन अस्त-व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बंगाल की खाड़ी में एक दिन पहले शनिवार को बने कम दबाव का क्षेत्र का असर रविवार को दिखा। लो प्रेशर की वजह से संभाग मुख्यालय में दोपहर से शाम लगभग 4 घण्टो तक झमाझम बारिश हुई। झड़ी की वजह से शहर के विभिन्न इलाकों में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। महापौर और आयुक्त के प्रयास से शहर में जहां जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है, उन स्थलों से निकासी व्यवस्था बहाल किये जाने से आज बारिश का पानी सड़क में ज्यादा समय तक जमा नही हुआ। इसलिए राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी ⏭ शेष पेज 11 पर

■ 40 एमएम वर्षा से शहर के अनेक स्थानों पर जलजमाव की स्थिति









# मेगा हेल्थ कैंप में उमड़ी मरीजों-दिव्यागों की भीड़, पहले दिन 799 ने कराया पंजीयन, की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

तीन दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप के शुभारंभ दिवस में सुबह लगातार बरसात होने के बावजूद जिस तरह से बड़ी संख्या में मरीज एवं दिव्यांग पंहुचे और आयोजन को जो प्रतिसाद मिला उससे आयोजन के सूत्रधार क्षेत्रीय विधायक, रोगी कल्याण समिति तथा आयोजन से जुड़े सभी लोग प्रफुल्लित होकर लोगों सेवा में जुटे रहे। विधायक नीलकंठ टेकाम ने आयोजन में समर्पित होकर सेवा भाव से जुटे लोगों के कार्य को देखकर मुक्तकंठ से सराहना की। स्वास्थ्य शिविर की सफलता सार्थकता को देखकर यह दिलासा दिया कि भविष्य में भी इस तरह से विधानसभा अंर्तगत आयोजन किए जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर में ऐलोपैथिक, आर्युवैदिक, हौम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ आए हुए मरीजों को प्राप्त हुआ। आज रविवार को भी शिविर का लाभ लोगों को मिलेगा। शिविर में आने वालों के लिए भोजन की भी उत्तम व्यवस्था की गई है। शिविर में स्थानीय चिकित्सालय के अलावा जिला चिकित्सालय कोंडागांव, कांकेर, जगदलपुर धमतरी तथा मेडिकल कालेज कांकेर जगदलपुर रायपुर के चिकित्सक के विभिन्न रोग विशेषज्ञ डाक्टर के सांथ रायपुर के ख्याति प्राप्त हास्पिटल एमएमआई एवं मित्तल हास्पिटल और कोंडागांव के प्राइवेट अस्पताल के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवा प्रदान किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ,टी.बी.विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट,आयुष चिकित्सक, फिजियोथैरेपिस्ट, दंत रोग विशेषज्ञ,केंसर मुख कैंसर रोग विशेषज्ञ,ह्रदय रोग विशेषज्ञ,चर्म रोग विशेषज्ञ,मनोरोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ,नेत्ररोग विशेषज्ञ,शिशु रोग विशेषज्ञ, ई.एन.टी.,निश्चेतना विशेषज्ञ एवं एमडी का लाभ पंहुचे हुए मरीजों को मिलने के साथ दिव्यांगों को मेडिकल बोर्ड का लाभ मिला ।

## विधायक ने भविष्य में इस तरह के आयोजन करते रहने का दिया भरोसा, 17 का बना आयुष्मान कार्ड, बांटा गया राशनकार्ड भी






**189 ने लैब में जांच करवाई, 428 ने कराया रक्तचाप परीक्षण** : शिविर के प्रथम दिवस 799 मरीजों ने पंजीयन करवाया। जिसमें से 189 ने लैब में जांच करवाई, वहीं 428 ने अपना रक्तचाप परीक्षण करवाया । 62लोगों ने दंत, 108 लोगों ने नेत्र परीक्षण करवाया। l12 व्यक्ति ने फिजियोथैरेपिस्ट का 52ब्यक्ति ने पंचकर्म का लाभ प्राप्त किया। तथा 110 लोगों ने आर्युवैदिक चिकित्सा सुविधा का सेवा अर्जित किया। 17 व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया गया। वहीं कुछ लोगों को राशन कार्ड भी बनाकर दिया गया। शिविर में आये हुए दिव्यांगों को विधायक चिकित्सक के परामर्श एवं आवश्यकतानुसार उपकरण प्रदान करते हुऐ बैसाखी, हस्तचालित ट्राईसाइकिल एवं स्वचलित बैटरी वाला ट्राइसाईकिल भी प्रदान किया गया ।

### इनकी उपस्थिति व योगदान रहा

आयोजन में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी निर्वाचित जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी समाज सेवी एवं केशकाल तहसील के तहसीलदार केशकाल नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर व मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं केशकाल जनपद पंचायत के अध्यक्ष महेंद्र नेताम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अधिकारी व अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल सार्थक एवं प्रभावी बनाने में अपना योगदान देते रहे। वहीं मेगा हेल्थ केम्प के आयोजन की भूमिका बनाने व्यवस्था बनाने के साथ आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निर्वहन करने वाले खंण्ड चिकित्सा अधिकारी डा.डी.के.बिसेन सुबह से शाम तक व्यवस्था बनाये रखने में जुटे रहे।

## छग शासकीय कृषि स्नातक संघ के अध्यक्ष का हुआ निर्विरोध निवार्चन, संतु कोंडागांव के नये जिलाध्यक्ष



**कोण्डागांव।** छग शासकीय कृषि स्नातक संघ के जिला अध्यक्ष पद का निर्विरोध चुनाव हुआ। चुनाव में संघ के सदस्यों ने एक नए नेता का चयन किया। संघ के सभी सदस्यों को जिन्होंने सदस्यता ली है, उनको वोट डालने का अधिकार था। चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और संघ के सदस्य उसे लेकर उत्साहित थे। नए कोण्डागांव जिला अध्यक्ष संतु राम सोरी का नामांकन हुआ जिन्होंने संघ के सामाजिक और छग शासकीय कृषि स्नातक संघ के उद्देश्यों को बढ़ावा देने का वादा किया। उनकी योग्यता और अनुभव ने सभी को प्रभावित किया और वे अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार चुने गए। नए अध्यक्ष की नेतृत्व में संघ की कार्यक्षमता और प्रगति में नई दिशा मिलेगी। उन्हें समाज के विभिन्न पहलुओं को समझने और उनके समाधान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी होगी। इस चुनाव ने संघ के सदस्यों के बीच एकता और सहयोग का संदेश भी दिया है। वे सभी इस प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी भूमिका निभाई और संघ के भविष्य के लिए अपना संकल्प प्रकट किया। इस प्रकार, आज यह चुनाव न केवल एक नए अध्यक्ष का चयन करने का माध्यम है, बल्कि यह संघ के विकास और प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## कार्रवाई: अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पकड़ने में केशकाल पुलिस को मिली सफलता

# महंगी कार से 22 किग्रा गांजा जब्त, दो गिरफ्तार ओडिशा से रायपुर होकर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

पुलिस ने एक महंगी कार से 22 किलो से अधिक गांजा पुलिस ने बरामद किया है। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजा व वाहन सहित कुल जब्ती छह लाख से अधिक की बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश प्राप्त हुए थे। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के द्वारा समय-समय पर चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में चेक पोस्ट लगाकर सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार कमांक एमपी 68 जेडबी 1963 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर एनएच 30 से ओडिशा से रायपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर एनएच 30 मेन रोड में थाने के सामने चेक पोस्ट लगाकर वाहन चेकिंग शुरू की गई। सफेद रंग की कार आती दिखी तो पुलिस ने रोका। पूछताछ करने पर कार सवारों ने राजेन्द्र ठाकुर पिता स्व प्रकाश चन्द ठाकुर, विरेन्द्र कुच्छबंधिया पिता स्व. विकास कुच्छबंधिया दोनों निवासी टंकी मोहल्ला वार्ड नंबर 1 हरदा थाना जिला हरदा मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया। वाहन की चेकिंग करने पर डिक्की में रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया 11 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा का कुल वजन 22. 380 किलोग्राम था, जिसका बाजार मूल्य 2 लाख 23 हजार 800 सौ रुपए एवं स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 68 जेडबी 1963 कीमत लगभग 4 लाख कुल कीमती 623800 रुपए को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। तस्करों के निवासी और कार का पासिंग नंबर मध्यप्रदेश का होने के कारण संभावना जताई जा रही है कि गांजा ओडिशा से रायपुर होकर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा होगा। दोनों तस्तकरों को 30जून को दोपहर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

> ■ गांजा व वाहन सहित साढ़े चार लाख से अधिक की जब्ती



### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास बघेल, उपनिरी शोभित साहू सउनि निहार रजन मण्डल, प्रभार संजय बिसेन, ललित नेताम, आर विनोद मरकाम, जगेश नेताम मआर साक्षी पटेल की अहम भूमिका रही।

## पेज 9 के शेष

### किराना दुकानों व पिकअप...

संलिप्तता है। लोगों की मानें तो राइस मिलर पीडीएस चावल को 23 से 25 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद रहे हैं। पीडीएस का चावल मोटा होता है, इसलिए उसे राइस मिलों में मशीन से छिलाई कर पतला करते हैं। पालिश कर चमक लाई जाती है यही चावल बाजार में वापस आता है और 55 से 60 रुपए किलो में बिकता है। खाद्य विभाग कार्डधारियों की संख्या के हिसाब से सोसायटियों को चावल का आवंटन करता है। बीपीएल के एक परिवार को मुफ्त 35 किलो चावल और एपीएल को 10रुपए प्रति किलो से चावल मिलता है।

**शिकायत पर डाली गई दबिश** : सहायक खाद्य नियंत्रक ने बताया कि जिले में पीडीएस के तहत वितरण होने वाले चावल व अन्य खाद्य सामग्री को राशन कार्डधारियों द्वारा किराना स्टोर्स के व्यापारियों को बेचने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। सूचना के आधार पर खाद्य विभाग के द्वारा शहर की कई दुकानों में दबिश देकर जांच की गई। जांच के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर दो दुकान को सील किया गया वहीं एक दुकान सील करने की प्रक्रिया में है।

### बारिश की...

नही हुई। लेकिन लगातार बारिश के चलते कहीं-कहीं पर भारी जलजमाव की स्थिति से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आज दिनभर में जगदलपुर में 40 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। सुबह आद्रता 94 और शाम को 97 प्रतिशत दर्ज किया गया। आज अधिकतम तापमान में भी 4 डिसे कमी आकर 24.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमण्डल में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी झारखंड और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम असम से उत्तर उड़ीसा तक 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश के मध्य भाग में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से मध्य मध्यप्रदेश तक 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है।

**शनिवार को दोरनापाल में सर्वाधिक 90 एमएम वर्षा** : मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक शनिवार को सुकमा जिले के दोरनापाल में सर्वाधिक 90 एमएम वर्षा रिकार्ड किया गया। जबकि कोंटा में 70, जगरगुंडा में 50, भोपालपटनम, छिंदगढ़ और बीजापुर में 40, बचेली, अंतागढ़, उसुर, कांकेर और कुआकोंडा में 30 एमएम वर्षा दर्ज किया।

**प्रदेश के अनेक स्थानों पर वर्षा के संकेत** : सिस्टम के प्रभाव से सोमवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में कल भी बादल छाए रहने की संभावना है।



## खबर संक्षेप

### नव पदस्थ डीईओ का अधिकारी कर्मचारी ने किया स्वागत



**दरभा।** बस्तर जिले में नव पदस्थ डीईओ बलीराम बघेल को अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ, माहरा समाज बस्तर संभाग द्वारा 30 जून को संभागीय प्रकोष्ठ ने सौजन्य भेंट कर बुके देकर सम्मान और फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

### ई-वे बिल प्रणाली की सुगमता के लिए व्यापारियों से चर्चा

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में जीएसटी के माध्यम से राजस्व वृद्धि की संभावना एवं राजस्व लक्ष्य की समीक्षा, ई-वे बिल प्रणाली की सुगमता के प्रयास हेतु राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने राज्य कर कार्यालय जगदलपुर का दौरा निरीक्षण किया। राज्य कर मुख्यालय रायपुर के अपर आयुक्त टीआर धुर्वे, संभागीय संयुक्त आयुक्त सीआर महिलांगे ने राज्य कर कार्यालय जगदलपुर के वृत्त-एक एवं दो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विभागीय कार्य की समीक्षा की। कार्यालय में बस्तर जिले के व्यापारियों की समस्या के निवारण हेतु इज ऑफ डूईंग बिजनेस के अन्तर्गत चल रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार, एनएमडीसी माइनिंग किरंदुल, एनएमडीसी माइनिंग बचेली के अधिकारियों से राजस्व वृद्धि के उपायों से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही ई-वे बिल प्रणाली की सुगमता पूर्वक क्रियान्वयन हेतु बस्तर परिवहन संघ एवं बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों से चर्चा कर, उन्हें आवश्यक रूप से ई-वे बिल जारी करने को कहा गया। साथ ही उनके समस्याओं का समाधान किया गया। इसके अलावा टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सौजन्य भेंट कर उन्हें अपनी समस्याओं और सुझावों से अवगत करवाया। बैठक में अपर आयुक्त द्वारा समयवार विवरणी प्रस्तुत करवाने एवं विक्रय बिल अनिवार्य रूप से जारी करवाने हेतु प्रेरित किया गया है।

### विकास से पीछे है सुभाष वार्ड, अगले चुनाव में भाजपा मुक्त करेंगे : जावेद

**जगदलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने जारी बयान में कहा कि सुभाष वार्ड में शुरू से ही भाजपा का कब्जा रहा है यहां से अब तक अनेक स्थानीय तथा बाहरी नेताओं ने चुनाव जीता पर किसी ने भी सुभाष वार्ड की सुध नहीं ली।



भाजपा के नेता मतदाताओं से उनका बहुमूल्य मत तो ले लेते हैं परंतु बदले में वार्डवासियों को गंदी नाली, प्रदूषित चौक चौराहे देते हैं तथा मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखते हैं। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्य जनक है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय राशन दुकानों का संचालन देश भर में वर्षो से चल रहा है पर आज तक इसके लिए ना तो निगम प्रशासन ने और ना ही भाजपा पार्षदों ने सुभाष वार्ड में शासकीय भवन तक का निर्माण नहीं करा पाए। जिसके चलते राशन दुकान संचालकों को निजी भवन किराए पर लेकर इसका संचालन करना पड़ता है। आगामी नगरीय निकाय चुनाव में सुभाष वार्ड को भाजपा से मुक्त किया जाएगा।

## किसानों और ग्रामीणों को अधिकाधिक पौधरोपण के लिए किया जाएगा जागरूक

# 4 करोड़ पौधारोपण करने के लक्ष्य को जन सहभागिता से करेंगे पूरा: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप रविवार को बस्तर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंत्री कश्यप बस्तर नगर पंचायत के सदभावना भवन में मन की बात श्रवण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम का तन्मयता के साथ श्रवण किया, उसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मंशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास शासन-प्रशासन कर रही है।

- वनमंत्री बस्तर में प्रधानमंत्री के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में हुए शामिल

इसके बाद मंत्री कश्यप ने नगर पंचायत बस्तर के मुख्यमार्ग में पौधरोपण कार्यक्रम में पीपल के पौधे का पौधरोपण कर कहा कि प्रदेश में वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए इस वर्ष लगभग 4 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें राज्य के सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञात हो कि वन विभाग द्वारा पूरे बस्तर वनमंडल में मुख्य मार्ग के किनारे करीब 7400 पीपल के पौधों का पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम में मंत्री के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरियाली प्रसार योजनांतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### हरियाली प्रसार योजनांतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





यह रथ जिले में किसानों और ग्रामीणों को निःशुल्क पौधों का वितरण करेगी। वहीं किसानों और ग्रामीणों को अधिकाधिक पौधरोपण के लिए जागरूक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा हरियाली प्रसार योजनांतर्गत किसानों को उनके स्वयं के भूमि में पौधरोपण के लिए सागौन, खम्हार, बांस, नीलगिरी इत्यादि प्रजाति के पौधे निःशुल्क प्रदान किया जाता है। जिससे किसान अपने खाली पड़े टिकरा-मरहान सहित खेत के मेड़ पर भी पौधरोपण कर आय अर्जित कर सकते हैं। कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधी,पंचायत प्रतिनिधी और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

इस दौरान उदबो राम नाग, रामानंद मिश्रा, डॉ व्ही एस राजपूत, शालीना सेमसन, डोमाय मौर्य, चमरू यादव, रमेश कश्यप, सुखदेव मंडावी, सुशील खम्बारी, नील कुमार बघेल, नरेंद्र जोशी, कुसुम परिहार, पूरन मौर्य, जय प्रकाश ठाकुर, किरण सेठिया सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## तेलम पांडूराम अध्यक्ष और सचिव सतीश माड़वी बने



**बीजापुर।** सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक इकाई बीजापुर के पदाधिकारियों का चुनाव और कार्यकारणी का विस्तार शनिवार को पूरा हो गया। गोंडवाना भवन में हुई सामाजिक बैठक में जिला पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्व सहमति से सामान्य, महिला प्रभाग और युवा प्रभाग के पदाधिकारियों के चयन प्रक्रिया पूरी की गई। सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव कमलेश पैंकरा ने बताया कि दो चरणों में हुई सामाजिक बैठक में यह चयन प्रक्रिया सभी के सहमति से पूरी की गई है। सामान्य प्रभाग के ब्लाक इकाई में अध्यक्ष तेलम पाण्डुराम, उपाध्यक्ष मंगू लेकाम, प्रदीप भगत, इग्नेश तिर्की, महेंद्र नक्का, जनक नेताम, सचिव सतीश माड़वी, सह सचिव ओमप्रकाश कंवर, कोषाध्यक्ष बुधराम कोरसा, सह कोषाध्यक्ष धनेश कुंजाम, संरक्षक मासाराम तेलम, लच्छू ओयम, प्रफुल्ल कुजूर, भुनेश्वर सिंह कंवर, प्रमोद ओयाम और मीडिया प्रभारी सन्नू हेमला बनाए गए। महिला प्रभाग में अध्यक्ष सीता कोरसा, कार्यकारी अध्यक्ष कांता तेलाम, उपाध्यक्ष एंजेला बैक, कमला हेमला, सचिव मनीषा उरसा, संयुक्त सचिव मोनिका तेलम, सह सचिव कमला कोरसा, रीमा मज्जी, कोषाध्यक्ष इंद्रादेवी कुंजाम, सह कोषाध्यक्ष चंद्रलेखा ध्रुव, मीडिया प्रभारी राधा हेमला, शशिकला बनाए गए। युवा प्रभाग में अध्यक्ष कोरसा दासू, उपाध्यक्ष जुलियस तिर्की, सोनू पुनेम, सचिव विनय उईके, सहसचिव राकेश तेलम, कोषाध्यक्ष संदीप तेलम, सलाहकार धनेश कुंजाम, कार्यकारिणी सदस्य चंद्रेश माड़वी, मीडिया प्रभारी रामा ताती चुने गए। इस दौरान समाज के जिला अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी, युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष कुंवर सिंह मज्जी, महिला प्रभाग अध्यक्ष सुखमति हपका, पाकलू तेलम, कामेश्वर दुब्बा, अमित कोरसा, शिव पुनेम, बीएस भास्कर, वेंकटेश बुरका, सुशील हेमला सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## ड्राईविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र के लिए नहीं भटकेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक के दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग यह सुविधा एक जुलाई से लागू कर रहा है। मुख्यमंत्री के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय में वापस लौट आते हैं। ऐसे आवेदकों को ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए रायपुर जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं कि किसी वजह से अप्राप्त ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाएं।

### अस्पष्ट और अपूर्ण पते के कारण समस्या

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने रायपुर जाने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने लाईसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा सभी अधीनस्थ कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## वार्षिकोत्सव में पहुंचे मंत्री, भंडारे में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्रीश्री शिर्डी साई बाबा मंदिर रेलवे कालोनी का 14 वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के श्रीनिवास राव मद्दी, तरुण चोपड़ा एवम अन्य आगंतुकों ने भक्तो को महाभंडारे में प्रसाद वितरण किया। रायपुर से पहुंचे श्रद्धालु रविन्द्र नाथ बोस ने कहा की मंदिर स्थापना के बाद से लगातार 13 वर्षों से यहां धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया हालांकि रविवार को सुबह से हुए मूसलाधार बारिश की वजह से भक्तों को मंदिर पहुंचने में थोड़ी दिक्कत हुई पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 6 बजे काकड़ आरती, महाभिषेक, पूजा हवन प्रश्चात मध्यान्ह आरती एवम तत्प्रश्चात भंडारा संपन्न हुआ।

- साई बाबा मंदिर रेलवे कालोनी का 14 वार्षिक उत्सव संपन्न





## अपचारी बालकों को अपराध से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश एवं युवाओं को पुनः स्थापित करने, जेलों में बंद किशोरों की पहचान करने और विधिक सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान-2024 के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. अंकिता कश्यप द्वारा शनिवार को बाल सम्प्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित बालकों को नवीनतम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं विधिक सहायता अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर उपरांत बाल सम्प्रेक्षण गृह, विशेष गृह एवं प्लेस आफ सेफ्टी गृह का निरीक्षण कर सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध अपचारी बालकों से सम्प्रेक्षण गृह में उन्हें प्राप्त सुविधाओं के संबंध में उनका हाल चाल जाना तथा उन्हें भविष्य में अपराध से दूर रहने हेतु प्रेरित भी किया गया। सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बालकों की सुविधाओं एवं सुरक्षाओं के संबंध में अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह को आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश भी प्रदान किया गया।



## बैडमिंटन में पुरूषों के साथ महिलाओं ने आजमाया हाथ

# सामाजिक कार्यों के साथ खेल में भी दिख रहा उत्साहः महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिंधी पंचायत के तत्वावधान में दो दिवसीय सिंधी बैडमिंटन लीग मैच प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में शुरू किया गया। अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि बैडमिंटन मैच अंडर 16 मैच, वरिष्ठ सदस्यों के एवं महिलाओं के लिए आयोजन किया गया। 25 बैडमिंटन मैच हुए जिसमे पुरुष वर्ग में क्वाटर फाइनल में आकाश मटलानी, हर्ष दण्डवानी, हार्दिक राजपाल, सुनील तीर्थानी पहुंचे। महिला बैडमिंटन में सेमीफाइनल में सौम्या चंदवानी, अंकित मटलानी, रुचि दुल्हानी, मेहर बुलवानी पहुंचे। कार्यक्रम में साई झूलेलाल प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन कर, पल्लव व जयकारों के साथ बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू की गई। मुख्य अतिथि महापौर सफीरा साहू ने कहा सिंधी समाज जहां सामाजिक कार्यो को कर ही रहे, अब खेल के प्रति भी समाज के सभी लोगों में प्रसन्नता दिख रही है। महत्वपूर्ण यह लग रहा कि खेल आयोजन में महिलाएं भाग ले रही है। इस दौरान संजय पांडे, यशवर्धन राव, उधाराम मूलचंदानी, संजय विश्वकर्मा, सुनील खेन्डुलकर, राजेश त्रिपाठी, संजय नत्थानी, राम नरेश पांडे, चंद्रा देवी नवतानी, समाज से सुनील दण्डवानी, हरेश नागवानी, बृजलाल नागवानी, सुरेश मेठानी, राजेश दुल्हानी, बसन्त मेघानी, सुनील तीर्थानी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।




## आंगनबाड़ी संचालन को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग का समीक्षा मिंगाचल सभा कक्ष में आज किया गया।

इस दौरान जिले में कुपोषण की दर में व्यापक कमी हेतु प्रयास पर चर्चा किया गया एवं नियद नेल्लानार क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी के संचालन एवं विभाग द्वारा प्रदाय दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में विस्तृत निर्देश देते हुए कहा गया कि ऐसे सभी क्षेत्र जहां पर वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नही है। उन सभी स्थानों पर बेस लाईन सर्वे कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से लाभांवित किया जाना है। इन क्षेत्रों में बच्चों एवं महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए इनके व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य करना है। शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाना है। कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन सही रूप से हो इसकी सतत निगरानी करें। आंगनवाडी केन्द्र पर दी जाने वाली पोषण आहार सही रूप से मिलना चाहिए साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान कार्यकर्ता एवं सहायिका रखे।



इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने कुपोषण में कमी लाने और शासन की योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखहियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एजेंसी देनी है

कोण्डागांव जिले के दहीकोंगा, बनियागांव, लंजोड़ा, गिरौला, अमरावती, हीरापुर, मर्दापाल, बुनागांव, रांधना,बालोंड,बांसकोट और विश्रामपुरी में एजेंसी देनी है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

संपर्क करें
हरिभूमि
संभागीय कार्यालय जगदलपुर
पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा

मोबाईल नंबर
7000312486
9131893124

## नये कानून के संदर्भ मे एक दिवसीय कार्यशाला एजुकेशन सिटी जावंगा में हुई

# आज से लागू हो जाएंगे नये कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा देश में 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में दंतेवाडा जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कानुनविदो के द्वारा गीदम के एजुकेशन सिटी जावंगा के सभागार मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उक्त संबंध मे जिलेवासियो को नये कानूनों के बारे मे विस्तारपुर्वक जानकारी देने हेतु दंतेवाडा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, सीआरपीएफ के उपपुलिस महानिरीक्षक विकास कठेरिया कलेक्टर दंतेवाडा मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दंतेवाडा गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, एडीएम राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीएम गीदम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर श्रीमती उन्नति ठाकुर, तहसीलदार गीदम श्रीमती आशा मौर्या सहित पुलिस प्रशासन के तमाम अधिकारीगण, नगर के जनप्रतिनिधिगण, व्यापारीगण, शिक्षक ग्रामीण एवं कालेज व स्कुल के बच्चो ने इस कार्यशाला का लाभ लिया। उपस्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के द्वारा अपने संबोधन मे बेहद विस्तार से नये कानूनो के संबंध में बताया एवं कहा कि जनता को अपने अधिकारों व कर्तव्यो का बोध होना आवश्यक है ताकि कानून का पालन सुनिश्चित किया जा सके। सीआरपीएफ के उप पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल के समय में प्रचलित कानूनो के संबंध मे बहुत ही सरल शब्दो में व्याख्या की गयी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा नये कानून भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के संग्रह एवं उनके महत्व के बारे में विस्तारपुर्वक बताया गया। 01 जुलाई से पूर्ण रूप से नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम अस्तित्व में आ जावेगा इस संबंध में ही लगातार लोगो को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन द्वारा मंचासीन वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्यशाला मे उपस्थित सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यशाला के समापन की घोषणा की गई।





## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...

रोगों का निवारण

**समुचित टीकाकरण**

आप सभी एक जागरूक अभिभावक के साथ-साथ एक जागरूक नागरिक बनकर सभी को आवश्यक टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।



**पांच साल-सात बार**

**छूटे ना टीका एक भी बार**

टीकाकरण करवाकर अपने बच्चों को बारह जानलेवा बीमारियों से बचाएं

समझदारी दिखाएं! अपने बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करवाएं

**गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण समय पर करवाएं**

जागरूक बनें, औरों को भी जागरूक करें

विनीत- बस्तर जिले के समस्त चिकित्सक



## बस्तर संभाग में दन्त चिकित्सा की प्रथम स्पेशिएलिटी सुविधा

**डॉ. प्रतीक लागू**

बी.डी.एस., एम.डी.एस (आर्थोडन्टिक्स) (Bangalore) (Gold Medalist)

Orthodontic and Cosmetic dental care centre

HAPPY Doctor's Day



मुख्य सुविधाएं -
1. टेढ़े मेढ़े दांतों का उपचार
2. अधिक बाहर निकले हुए दांतों का उपचार
3. स्माईल डिजाईनिंग
4. दांतों के बीज गैप का उपचार
5. चेहरे का विकास सुधारना
6. कटे-फटे होंठों का उपचार

अन्य सुविधाएं-
1. दांतों की जड़ों का उपचार, फिक्सड दांत/कैपिंग
2. दांत निकालना, कृत्रिम बत्तीसी
3. आधुनिक कॉस्मेटिक डेन्टल फिलिंग,
4. दांतों की सफाई, दांतों का ब्लीच, डिजिटल एक्स-रे
5. डेंटल कैमरा, डेंटल इम्प्लांट, डेंटल ज्वेलरी
6. दांतों की अन्य सभी समस्याओं का उपचार

## लागू डेन्टल स्पेशिएलिटी क्लीनिक

लागू नर्सिंग होम के अंदर, चित्रकोट रोड, राउतपारा, जगदलपुर फोन : 7489056893

समय: प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक एवं संध्या 5.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक



समस्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

की बहुत-बहुत बधाई एवं **शुभकामनाएं**



**CENTERVISION**

गायत्री मंदिर के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर

**डॉ. सरिता मनोज थामस**

MBBS, DOMS, PHACO SURGEON

- नेत्र रोग विशेषज्ञ
- फेको सर्जन
- कम्प्यूटराइज्ड, चश्मे की जांच
- काला पानी का ऑपरेशन
- कॉन्टेक्ट लैंस
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन



## MANORAMA NURSING HOME

Anupama Talkies Road, Jagdalpur, Bastar, Ph- 7898745820

**Dr. JYOTI LAGOO**
M.B.B.S.,MD (OB&G)
Gynaecologist & Laparoscopic Surgeon
Reg. C.G.M.C. 1188/2007

**Dr. ARPITA LAGOO**
M.B.B.A.S., D.N.B.
Gynaecologist (Gold Medalist)
Reg.C.G.M.C. 2570/2009



**उपलब्ध सुविधाएं**

प्रसव सामान्य एवं जटिल, अल्ट्रा सोनोग्राफी, 3D/4D कलर डॉप्लर,एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी- हिस्टरोक्टोमी, ओवेरियन सिस्ट, बच्चेदानी से संबंधित समस्त ऑपरेशन, बांझपन : डायग्नोस्टिक लेप्रोस्कोपी एवं हिस्टेरोस्कोपी द्वारा विशेष जांच एवं उपचार तथा निःसंतान दम्पतियों के लिए चिकित्सा IUI , नसबंदी :- टी.टी.बी.टी. लेप्रोस्कोपिक टी.टी. कॉल्पोस्कोपी (बच्चेदानी के मुख के कैंसर की जांच)



# डॉ. हेमन्त कुमार

## कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब

प्रत्येक प्रकार के आवश्यक रक्त, मल, मूत्र परीक्षण का आपका विश्वसनीय संस्थान

Happy Doctor's Day 2024



**अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा टेस्ट की सुविधा**

MISPA i3 Nephiometry

MISPA NANO 200 Fully Auto Biochemistry Analyser

D10 BIORAD HPCL For Accurate HBA1c Test

VIDAS- For Thyroid T3,T4,Tsh and all Harmones, Cardiac Markers

CELL COUNTER For Complete Blood Count

**विशेष सुविधाएं:**

थायराइड हार्मोस T3,T4,Tsh (प्रतिदिन)

टाक्सोप्लाज्मा, टार्च टेस्ट (प्रतिदिन)

C.B.C.(प्रतिदिन) - QUANTITIVE

Q.B.C. MP: फ्लुरोसेन्ट माइक्रोस्कोपी द्वारा मलेरिया परीक्षण (on demand)

P.S.A. IgE, ASO, Cardiac Markers: (प्रतिदिन)

RAF/CRP (प्रतिदिन) FSH, LH, Protactin

अजय इंटरप्राइजेस के बाजू में, बालाजी वार्ड, जगदलपुर. 07782 796175

समय- प्रातः 8:30 से रात्रि 8:30 (प्रतिदिन) रविवार- 8:30 से 2:00